## खबर संक्षेप

### खैरहा में आरक्षक ने किसान से वसूली रिश्वत

**शहडोल।** जिले का खैरहा थाना भ्रष्टाचार और वर्दी की गुंडागर्दी का नया केंद्र बन गया है। यहां पदस्थ आरक्षक सतीश चौरसिया ने डिजिटल इंडिया का इस्तेमाल विकास के लिए नहीं, बल्कि उगाही के लिए करते हुए खाकी को शर्मसार कर दिया है। आरोप है कि आरक्षक ने एक गरीब किसान को झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर न केवल गाली-गलौज की, बल्कि डरा-धमकाकर फोन-पे के जरिए रिश्वत भी वसूल ली।

**खाली ट्रैक्टर पर रेत चोरी का खौफ**-ग्राम बोडरी निवासी किसान विपिन द्विवेदी जब 15 मार्च को अपने खेत से अलसी की फसल लेने जा रहे थे, तभी आरक्षक सतीश चौरसिया ने रास्ते में बाइक अड़ाकर उन्हें रोक लिया। खाली ट्रैक्टर होने के बावजूद आरक्षक ने अवैध उत्खनन का केस बनाने की धमकी दी और जबरन ट्रैक्टर चलाकर थाने ले गया। थाने में शुरू हुआ वसूली का गंदा खेल, जहाँ ट्रैक्टर छोड़ने के एवज में 50 हजार रुपये की डिमांड की गई।

**मोबाइल से ट्रांसफर कराए 5 हजार**-भ्रष्टाचार का सबूत मोबाइल में दर्ज है, खौफजदा किसान ने आरक्षक के मोबाइल नंबर (9826151842) पर तत्काल 5,000 रुपये डिजिटल ट्रांसफर किए। आरक्षक ने बाकी के 45 हजार रुपये 24 घंटे में देने और मुंह खोलने पर जेल भेजने की धमकी दी

### अब दफ्तरों में नहीं, चौपाल पर होगा न्याय!

**शहडोल।** आम जनता को दफ्तरों की खाक छानने से मुक्ति दिलाने और भ्रष्टाचार पर लगाम कसने के लिए जिला प्रशासन ने संकल्प से समाधान अभियान का बिगुल फूंक दिया है। जिले के सभी जनपद मुख्यालयों में आयोजित होने वाले इन ब्लॉक स्तरीय शिविरों में राजस्व, पंचायत और स्वास्थ्य सहित 106 विभागों की सेवाओं का मौके पर ही निपटारा किया जाएगा। कलेक्टर के कड़े निर्देशों के बाद अब अफसरों को एयरकंडीशन कमरों से निकलकर जनता की समस्याओं का ऑन-स्पॉट समाधान करना होगा।

**कल जयसिंहनगर में पहला पड़ाव**- अभियान का आगाज 17 मार्च को जनपद पंचायत जयसिंहनगर से होगा, जिसकी कमान एसडीएम सुश्री काजोल सिंह के हाथों में होगी। इसके बाद 18 मार्च को गोहपारू, 24 मार्च को ब्यौहारी और 25 मार्च को बुढ़ार में शिविरों का आयोजन होगा। अभियान का महा-समापन 28 मार्च को शहडोल के मानस भवन में जिला स्तरीय शिविर के रूप में होगा, जहां स्वयं जिला पंचायत सीईओ शिवम प्रजापति शिकायतों की फाइलें खंगालेंगे।

**सावधान! अब बहानेबाजी नहीं चलेगी**- इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य अंतिम छोर के व्यक्ति को बिना बिचौलियों के हितलाभ दिलाना है। प्रशासन ने साफ कर दिया है कि आवेदनों को लटकाने वाले अधिकारियों पर गाज गिरना तय है। यदि आपकी भी कोई समस्या पेंडिंग है, तो तैयार रहें, न्याय अब आपकी चौखट पर आ रहा है।

## खनिज विभाग ने 11 महीनों में वसूला 70 लाख का जुर्माना

# शहडोल में खनिज अधिकारी की सर्जिकल स्ट्राइक










### वन सीमा में घुसकर नदी का सीना चीरने वाले माफियाओं को दबोचा

शहडोल।

जिले में अवैध उत्खनन और परिवहन के जरिये सरकारी खजाने को चूना लगाने वाले माफियाओं के लिए खनिज विभाग अब काल बन चुका है। खनिज अधिकारी के नेतृत्व में विभाग ने माफियाओं के खिलाफ जो डेथ वारंट जारी किया है, उसके परिणाम अब धरातल पर दिखने लगे हैं। 1 अप्रैल 2025 से शुरू हुआ यह महा-अभियान 15 मार्च 2026 तक आते-आते एक खौफनाक हकीकत में बदल गया है, जहां अब तक 222 प्रकरण दर्ज कर 70 लाख 27 हजार 162 रुपये का भारी-भरकम अर्थदंड वसूल कर शासन के खजाने को लबालब कर दिया गया है।

### वन सीमा में घुसकर दी दबिश

सोमवार को खनिज विभाग की टीम ने उस वक्त अपनी ताकत का लोहा मनवाया, जब उन्होंने वन विभाग की सीमाओं की आड़ लेकर फल-फूल रहे अवैध कारोबार पर प्रहार किया। बुढार क्षेत्र के ग्राम मर्यादपुर स्थित सोन नदी के कसेड घाट पर, जो कि वन सीमा के अंतर्गत आता है, माफिया बेखौफ होकर नदी का सीना चीर रहे थे। लेकिन खनिज अधिकारी की सटीक रणनीति ने इस खेल को बिगाड़ दिया। यहां से रेत का अवैध परिवहन कर रही मेटाडोर एमपी18 जेडडी 7026 को रंगे हाथों पकड़ा गया। वाहन मालिक पवन यादव (जरवाही) और चालक लवकेश सिंह के पास मौके पर न तो कोई दस्तावेज थे और न ही कोई दलील काम आई। टीम ने न केवल वाहन जब्त किया, बल्कि उसे बुढार थाने की अभिरक्षा में सौंपकर यह संदेश दे दिया कि वन सीमा हो या कोई और दुर्गम क्षेत्र, खनिज विभाग की नजरों से बच पाना नामुमकिन है।

### सोहागपुर से अनूपपुर तक हडक़ंप

खनिज विभाग की कार्रवाई की आंच केवल रेत तक सीमित नहीं रही। सोहागपुर के ग्राम सिंहपुर में गिट्टी का अवैध कारोबार करने वालों पर भी विभाग ने अपनी पैनी नजर गड़ा दी है। यहां वाहन को अवैध गिट्टी ढोते हुए पकड़ा गया, जिसका मालिक अनूपपुर का रवि नायक बताया जा रहा है। इसी तरह पचगांव के प्रिंस सिंह की मेटाडोर को भी गिट्टी के अवैध परिवहन में जब्त कर सिंहपुर थाने के सुपुर्द किया गया। इन कार्रवाइयों ने स्पष्ट कर दिया है कि शहडोल खनिज विभाग की कार्यप्रणाली अब केवल कागजों तक सीमित नहीं है, बल्कि वह माफियाओं की जड़ों पर सीधा प्रहार कर रही है।

### आंकड़ों में खनिज विभाग की विराट विजय

खनिज अधिकारी के कुशल प्रबंधन का ही नतीजा है कि पिछले 11 महीनों में अवैध गतिविधियों का ग्राफ तेजी से नीचे गिरा है। अवैध उत्खननः 19 प्रकरणों में 6,85,300 रुपये की वसूली। अवैध परिवहनः 192 प्रकरणों में 6,57,722 रुपये का जुर्माना। अवैध भंडारणः 6 बड़े मामलों में 2,84,140 रुपये का दंड। कुल राजस्व प्राप्तिः 70 लाख रुपये से अधिक, जो विभाग की मुस्तैदी का प्रमाण है।

### खनिज अधिकारी की कडक़ कार्यशैली

सूत्रों की मानें तो खनिज अधिकारी ने स्पष्ट कर दिया है कि मध्यप्रदेश खनिज नियम 2022 के तहत अब कोई भी ढील नहीं दी जाएगी। सोमवार को पकड़े गए वाहनों के प्रकरण सीधे कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किए जा रहे हैं, जहां भारी जुर्माने के साथ-साथ वाहनों को राजसात करने की तैयारी भी है। विभाग की इस आक्रामकता ने उन सफेदपोशों की भी नींद उड़ा दी है जो अब तक पर्दे के पीछे रहकर इस काले धंधे को संरक्षण देते थे।

### पहली बार दिखा कानून का डर

जिले की आम जनता खनिज विभाग की इस कार्यप्रणाली की जमकर सराहना कर रही है। लोगों का कहना है कि जिस तरह से खनिज अधिकारी ने वन सीमा जैसे संवेदनशील इलाकों में घुसकर कार्रवाई की है, उससे माफियाओं का मनोबल पूरी तरह टूट चुका है। सरकारी संसाधनों की लूट पर इस तरह का अंकुश शहडोल के राजस्व इतिहास में एक नया अध्याय लिख रहा है। सावधान! खनिज विभाग की स्पेशल-26 टीमें अब जिले के हर घाट, हर पहाड़ और हर रास्ते पर तैनात हैं। अगर अवैध खनन की सोच भी रहे हैं, तो याद रखें, खनिज अधिकारी की टीम आपकी गाड़ी और आपका रसूख, दोनों को मिट्टी में मिलाने के लिए तैयार बैठी है।



### सशक्त नारी, समृद्ध समाजः लालपुर में गूंजी उपलब्धियों की गूंज

# रिलायंस सीबीएम ने महिला जनप्रतिनिधियों का बढ़ाया मान

शहडोल।

जब एक महिला आत्मनिर्भर बनती है, तो पूरा परिवार और समाज प्रगति के पथ पर अग्रसर होता है। यह उद्गार गोहपारू एसडीएम सुश्री काजोल सिंह ने रिलायंस सीबीएम प्रोजेक्ट द्वारा लालपुर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह के दौरान व्यक्त किए। रिलायंस फाउंडेशन रिसोर्स सेंटर में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में न केवल महिला जनप्रतिनिधियों का सम्मान हुआ, बल्कि महिला सशक्तिकरण की नई इबारत भी लिखी गई।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिक श्रीमती अल्पना शर्मा ने सरकारी योजनाओं की जानकारी दी, वहीं साइट हेड राजेश वर्मा ने महिलाओं को सशक्तिकरण का सारथी बताया। समारोह के दौरान महिलाओं द्वारा दी गई रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उत्सव में चार चाँद लगा दिए। रिलायंस की इस पहल की सराहना करते हुए जनपद सदस्य लीला बाई ने कहा कि सामुदायिक विकास में रिलायंस का योगदान मील का पत्थर साबित हो रहा है। समारोह का सफल संचालन अपूर्वा टोप्पो एवं डॉ. समीम ने किया। इस दौरान सीएसआर टीम के वीरेंद्र, कुंवरबली सहित समस्त फील्ड कैडर्स की सक्रिय सहभागिता रही।

### आधी आबादी को मिला सम्मान का मंच

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुश्री काजोल सिंह और सीबीएम लेडीज क्लब की अध्यक्षा श्रीमती दीपाली वर्मा ने दीप प्रज्ज्वलन कर समारोह का आगाज किया। इस अवसर पर प्रोजेक्ट क्षेत्र के 19 गांवों की महिला सरपंचों और 3 जनपद सदस्यों को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। यह दृश्य देख उपस्थित जनसमूह ने तालियों की गडगड़ाहट से नारी शक्ति का अभिनंदन किया।

### कौशल विकास से आजीविका तक का सफर

सीएसआर हेड राजीव श्रीवास्तव ने बताया कि रिलायंस केवल उद्योग तक सीमित नहीं है, बल्कि सिलाई, हस्तशिल्प और डिजिटल साक्षरता के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सुदृढ़ बना रहा है। समारोह में 11 नए सिलाई केंद्रों के संचालकों को प्रमाण पत्र और ब्रांडिंग बैनर सौंपे गए, जो स्थानीय महिलाओं के लिए रोजगार के नए द्वार खोलेंगे।

# शिक्षित वर्ग की चुप्पी समाज के लिए घातकः कलेक्टर

## विराट सभागार में गूंजी जागो ग्राहक जागो की हुंकार






### मिलावटखोरों और लुटेरे दुकानदारों पर कलेक्टर की टेढ़ी नजर

शहडोल।

आज के दौर में जब बाजारवाद हावी है और मिलावटखोरी का जहर हमारी थाली तक पहुँच चुका है, तब उपभोक्ता का जागरूक होना ही सबसे बड़ा हथियार है। विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने दो टूक शब्दों में कहा कि समाज के हर शिक्षित व्यक्ति का यह नैतिक दायित्व है कि वह न केवल स्वयं जागरूक रहे, बल्कि अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को भी उसके अधिकारों के प्रति जगाए।

### अंतिम तिथि और गुणवत्ता से समझौता यानी जान से खिलवाड़

कलेक्टर ने मंच से अधिकारियों और नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सब किसी न किसी रूप में उपभोक्ता हैं। सामान खरीदते समय एक्सपायरी डेट (अंतिम तिथि) और गुणवत्ता की जांच न करना अपनी जान से खिलवाड़ करने जैसा है। उन्होंने साफ लहजे में हिदायत दी कि मध्य प्रदेश शासन ने नापतौल और खाद्य आपूर्ति की कड़ी व्यवस्था सुनिश्चित की है, लेकिन जब तक जनता जागरूक होकर विरोध नहीं करेगी, तब तक व्यवस्थाएं पूरी तरह दुरुस्त नहीं होंगी। उन्होंने सोशल मीडिया पर फैलने वाली भ्रामक जानकारियों से बचने और तथ्यात्मक सूचनाएं साझा करने की भी अपील की।

### दुकानदार रसीद न दे, तो बदल दें दुकानः आपूर्ति नियंत्रक

जिला आपूर्ति नियंत्रक विपिन पटेल ने उपभोक्ताओं को स्मार्ट शॉपिंग के गुर सिखाते हुए कहा कि बिना योजना के खरीदारी करना फिजूलखर्ची को बढ़ावा देता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि पैकेट बंद उत्पादों पर कंपनी का पता, बैच नंबर, निर्माण तिथि और अधिकतम खुदरा मूल्य की जांच अनिवार्य रूप से करें। वहीं, समाजसेवी बी.पी. तिवारी ने सख्त लहजे में कहा कि कैश मेमो यानी पक्की रसीद लेना आपका अधिकार है। यदि कोई दुकानदार रसीद देने में आनाकानी करता है, तो समझ लीजिए कि दाल में कुछ काला है। ऐसे दुकानदारों का बहिष्कार करें और मिलावटखोरी की शिकायत तुरंत खाद्य एवं औषधि प्रशासन को दें।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मवीर सम्मानित

कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने सेवा और कर्तव्यनिष्ठा की मिसाल पेश करने वाले अधिकारियों और चिकित्सकों का सम्मान भी किया। जिला आपूर्ति नियंत्रक विपिन पटेल, ऑर्थो सर्जन डॉ. अरविंद अम्बेडकर, वरिष्ठ सर्जन डॉ. बी.पी. पटेल, डॉ. ओमप्रकाश चौधरी, राकेश कुमार, महेश सोनी, राहुल मिश्रा, नेपाल सिंह और अशोक दुबे को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र देकर नवाजा गया।

### नकली उत्पादों के खिलाफ सर्जिकल स्ट्राइक की तैयारी

प्रशासन ने इस कार्यक्रम के माध्यम से जिले के तमाम व्यापारियों और मिलावटखोरों को सख्त संदेश दे दिया है कि उपभोक्ताओं के हितों के साथ खिलवाड़ अब बर्दाश्त नहीं होगा। आईएसआई , एगमार्क और एफपीओ जैसे गुणवत्ता चिह्नों को देखकर ही खरीदारी करने की सलाह दी गई है। सावधान रहें, जागरूक रहें! आपका एक जागरूक कदम मिलावटखोरों की कमर तोड़ सकता है। प्रशासन आपके साथ है, बस आप अपने हक के लिए आवाज उठाना सीखें।

# 21 हजार मरीजों को मिला नया जीवन, रोटरी राहत शिविर ने रचा इतिहास

### शहडोल में सेवा का महाकुंभ संपन्न आईटीआई परिसर बना संजीवनी केंद्र जटिल बीमारियों से जूझ रहे बेसहारों को मिला विशेषज्ञों का साथ

शहडोल।

नर सेवा को ही नारायण सेवा मानने वाले संकल्प के साथ शहडोल के शासकीय आईटीआई परिसर में आयोजित तीन दिवसीय रोटरी राहत निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर का रविवार को भव्य समापन हो गया। 13 से 15 मार्च तक चले इस स्वास्थ्य महाकुंभ ने सेवा के मामले में जिले के पिछले सारे रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए हैं। तीन दिनों के भीतर 21 हजार से अधिक मरीजों का पंजीयन, जांच, परामर्श और निःशुल्क उपचार कर रोटरी क्लब और राजकृष्ण तन्खा फाउंडेशन ने साबित कर दिया कि यदि इच्छाशक्ति मजबूत हो, तो मानवता की सेवा के लिए कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है।

### किडनी से लेकर कैंसर तक का हुआ सटीक वार

इस मेगा शिविर की सबसे बड़ी ताकत देश के नामचीन विशेषज्ञों की मौजूदगी रही। जहाँ एक गरीब मरीज के लिए बड़े शहरों के चक्कर काटना और भारी भरकम फीस देना मुमकिन नहीं होता, वहीं रोटरी क्लब ने किडनी, हृदय रोग, न्यूरो, ब्लड कैंसर, थायराइड, ईएनटी और यूरोलॉजी जैसे





जटिल रोगों के डॉक्टरों को शहडोल की धरती पर ला खड़ा किया। न केवल परामर्श दिया गया, बल्कि कई जटिल सर्जरी भी सफलतापूर्वक संपन्न की गईं, जिससे हजारों परिवारों के चेहरे पर मुस्कान लौट आई है।

### प्रशासन और संस्थाओं का परफेक्ट तालमेल

शिविर की सफलता के पीछे जिला प्रशासन और रोटरी क्लब का बेजोड़ सामंजस्य रहा। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह और सीएमएचओ डॉ. राजेश मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन ने इस आयोजन को एक व्यवस्थित रूप दिया। रोटरी क्लब शहडोल, मंडला मैकल और जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस यज्ञ में पुलिस प्रशासन, नगर पालिका, यातायात विभाग और स्काउट गाइड ने भी कंधे से कंधा मिलाकर आहुति दी।

### इन्होंने झोंकी अपनी पूरी ताकत

आयोजन को सफल बनाने में रोटरी क्लब के अध्यक्ष कृष्ण कुमार गुप्ता, सचिव विनोद प्रधान, कोषाध्यक्ष रविशंकर पाठक और संयोजक राजेश गुप्ता की टीम ने दिन-रात एक कर दिया। क्लब ने स्पष्ट किया कि यह सफलता केवल रोटरी की नहीं, बल्कि उन तमाम सामाजिक संस्थाओं, पैरामेडिकल कॉलेजों और पैथोलॉजी सेंटर्स (आदित्य हॉस्पिटल, श्रीराम हॉस्पिटल, पैथ क्योर, एसआर डायग्नोसिस आदि) की है, जिन्होंने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से अपनी सेवाएं दीं।

### मानवता के लिए भविष्य की राह

समापन के अवसर पर आयोजकों ने शहडोल की जनता और मीडिया जगत के प्रति आभार जताते हुए कहा कि यह तो बस एक शुरुआत है। रोटरी क्लब का लक्ष्य है कि भविष्य में भी ऐसे आयोजनों के माध्यम से अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाई जाएं। इस आयोजन ने यह संदेश दे दिया है कि जब समाज और सरकार एक साथ खड़े होते हैं, तो बड़े से बड़ा संकट भी घुटने टेक देता है।

### लगाए गैस एजेंसी का फेरा, जिले में है चिराग तले अंधेरा

**शहडोल।** जिला कांग्रेस कमेटी शहडोल के जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी के नेतृत्व मे, जिले मे व्याप्त रसोई गैस की किल्लत,कालाबाजारी, शहडोल से निकाल कर फूलपुर गैस भेजने व पाइप द्वारा घर घर गैस पहुंचने मे हो रहे विलंब के विरुद्ध जिला कांग्रेस द्वारा धरना-प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस ने देश के सम्मानित प्रधानमंत्री मोदी के बताए अनुसार बर्तन मे पाइप लगा कर नाले मे डाल कर गैस निकाल कर चाय बनाने की कोशिश की लेकिन गैस चूल्हा नहीं जला, यह भी मोदी जी का जुमला मात्र साबित हुआ।जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी ने जिले में लगातार बनी हुई रसोई गैस सिलेंडर की किल्लत को लेकर केंद्र एवं राज्य सरकार पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि शहडोल जिले की आम जनता इन दिनों रसोई गैस सिलेंडर के लिए गैस एजेंसियों के चक्कर लगाने को मजबूर है। कई-कई दिनों तक इंतजार करने के बाद भी उपभोक्ताओं को समय पर सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, जिससे घरों की रसोई व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो रही है। अजय अवस्थी ने कहा कि सरकार द्वारा घर-घर पाइपलाइन के माध्यम से घरेलू गैस पहुंचाने की योजना भी जिले में वर्षों से अधूरी पड़ी हुई है। उन्होंने मांग की कि जनहित को ध्यान में रखते हुए इस कार्य को शीघ्र पूरा कराया जाए, ताकि जिलेवासियों को इसका लाभ मिल सके।उन्होंने कहा कि यह अत्यंत विडंबनापूर्ण स्थिति है कि शहडोल जिले से प्राकृतिक संसाधनों का दोहन किया जा रहा है, लेकिन उसी जिले के लोगों को मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कृपापात्र रिलायंस कंपनी द्वारा शहडोल क्षेत्र से प्राकृतिक गैस का दोहन कर उसे फूलपुर जैसे अन्य स्थानों पर भेजा जा रहा है, जबकि स्थानीय जनता को गैस सिलेंडर की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि यह स्थिति चिराग तले अंधेरा की कहावत को पूरी तरह चरितार्थ करती है। जिस जिले की धरती से प्राकृतिक संसाधन निकल रहे हैं, उसी जिले की जनता को रसोई गैस जैसी बुनियादी आवश्यकता के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। अजय अवस्थी ने केंद्र और राज्य सरकार से मांग की कि इस गंभीर समस्या पर तत्काल ध्यान दिया जाए तथा जिले में गैस सिलेंडरों की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि आम नागरिकों को राहत मिल सके। साथ ही उन्होंने प्रशासन से भी मांग की कि जिले की सभी गैस एजेंसियों की आपूर्ति व्यवस्था की जांच कराई जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध हो।



## खबर संक्षेप



### रामनवमी पर पसान में 10 दिवसीय भव्य श्रीराम कथा व सतचंडी महायज्ञ

**हरिभूमि न्यूज बदरा/जमुना।** रामनवमी के पावन अवसर पर पसान नगर में 10 दिवसीय भव्य श्रीराम कथा एवं सतचंडी महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है, जिसे लेकर पूरे क्षेत्र में धार्मिक उत्साह का माहौल है। यह आयोजन 19 मार्च से प्रारंभ होकर 28 मार्च तक चलेगा। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथा प्रवक्ता पंडित राजीव लोचन शास्त्री द्वारा प्रतिदिन संगीतमय श्रीराम कथा का वाचन किया जाएगा, जिसमें भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, धर्म, मर्यादा और भक्ति का संदेश श्रद्धालुओं तक पहुंचाया जाएगा। कथा स्थल पर विशाल पंडाल, यज्ञ मंडप, श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था तथा भंडारे की तैयारी की जा रही है ताकि दूर-दूर से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। आयोजन समिति के अनुसार कार्यक्रम के दौरान विधि-विधान से सतचंडी महायज्ञ का आयोजन होगा, जिसमें वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आहुति दी जाएगी। इसके साथ ही प्रतिदिन रामकथा, भजन-कीर्तन और धार्मिक प्रवचनों का आयोजन भी किया जाएगा। कथा के माध्यम से समाज में नैतिकता, संस्कार और धर्म के प्रति आस्था का संदेश दिया जाएगा। आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि यह आयोजन केवल धार्मिक कार्यक्रम ही नहीं बल्कि समाज को एकजुट करने का भी माध्यम है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर श्रीराम कथा और महायज्ञ में भाग लेने तथा आयोजन को सफल बनाने की अपील की है। समिति के सदस्यों ने बताया कि आयोजन में आसपास के क्षेत्रों सहित दूर-दराज से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। रामनवमी के इस विशेष अवसर पर पसान नगर भक्ति और आध्यात्मिकता के रंग में रंगा नजर आएगा।

### कानून एवं शांति व्यवस्था बनाएं रखने हेतु लगाई गई मजिस्ट्रीरियल ड्यूटी

**उमरिया।** प्रतिवर्ष कि भांति इस वर्ष भी 21 मार्च को ईद उल फितर, 27 मार्च को रामनवमी तथा 20 मार्च को चौती चांद एवं 19 मार्च को गुड़ी पड़वा पर्व मनाया जाना है। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु अनुविभागीय अधिकारियों, तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों, कार्यपालिक दंडाधिकारी की मजिस्ट्रीरियल ड्युटी लगाई है। कार्यपालिक दंडाधिकारी, कर्मचारी पर्व के दौरान अपने अपने ड्युटी स्थल पर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर को समय समय पर अवगत कराएंगे। यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है।

### 18 मार्च से खंड स्तरीय संकल्प से समाधान शिविर

**उमरिया।** पात्र हितग्राहियों को भारत सरकार एवं राज्य शासन की हितग्राहीमूलक योजनाओं एवं उन योजनाओं में जिनके लक्ष्य निर्धारित हैं, लक्ष्य अनुरूप लाभ एवं शासन द्वारा प्रदाय की जा रही सेवाओं का लाभ प्रदान करने के लिए प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्व यन हेतु शासन द्वारा संकल्प से समाधान अभियान संचालित किया गया है। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि संकल्प से समाधान अभियान के तहत विकासखंड करकेली में 18 मार्च को, पाली विकासखंड पाली में 20 मार्च को तथा विकासखंड मानपुर में 24 मार्च को खंड स्तरीय शिविरों का आयोजन किया जाएगा।उन्होंने खंड स्तरीय शिविरों में जनप्रतिनिधियों को भी सम्मिलित करने हेतु निर्देशित किया। उन्होने कहा कि खंड स्तर पर आयोजित होने वाले शिविरों में ग्रामीणों को शासकीय योजनाओ का लाभ प्रदाय किया जाना सुनिश्चित करें।

## जिले में हो रहे अतिक्रमण पर सख्त कार्यवाही करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

# कलेक्टर की अध्यक्षता में समय सीमा की बैठक संपन्न

### जिले में घरेलू गैस सिलेंडर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध

कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में समय सीमा की साप्ताहिक बैठक संपन्न हुई।

उमरिया।

**बैठक में उन्होंने मुख्यमंत्री निवास से प्राप्त आवेदनों, आयुक्त शहडोल संभाग कार्यालय से प्राप्त आवेदनो तथा जनसुनवाई, न्यायालयीन प्रकरणों, मानवाधिकार के पत्रों, फैक्ट न्यूज आदि की समीक्षा करते हुए जिला प्रमुख अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी दायित्वों का निर्वहन समय सीमा में अनिवार्य रूप से करें।**



उन्होंने कहा कि जिले में हो रहे अवैध अतिक्रमण पर राजस्व अधिकारी एवं नगर पालिका अधिकारी सख्त से सख्त कार्यवाही करें। मुख्य नगर पालिका अधिकारी से कहा कि नगर में सब्जी की दुकानों को निर्धारित सब्जी मंडी पर लगवाया जाए , ताकि आवागमन सुगम रूप से हो सके। उन्होने कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी से कहा कि पानी की समस्या कि जानकारी मिलने पर उसका त्वरित निराकरण किया जाए, ताकि पेयजल की समस्या से आम जनों को जूझना नही पड़े । उन्होंने कहा कि सर्वाइकिल कैंसर से बचाव हेतु छात्रावासों की 13 से 15 वर्ष की बच्चियों को एचपीवी का टीका लगवाया जाए। बैठक में कलेक्टर ने घरेलू गैस सिलेंडरों की उपलब्धता के संबंध में जानकारी प्राप्त की जिस पर जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि जिले में पर्याप्त मात्रा में घरेलू गैस की उपलब्धता है । उन्होने कहा कि बुकिंग में आ रही सर्वर डाउन की समस्या के लिए निरंतर रूप से भोपाल स्तर पर संपर्क स्थापित किया जा रहा है । उन्होंने तीनों अनुविभाग के एसडीएम एवं आबकारी विभाग से कहा कि जिले में अवैध रूप से हो रही शराब कि पैकारियों पर निगरानी रखते हुए कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होंने पीडब्ल्यूडी,पी एम जी एस वाय ,डब्ल्यूआरडी एवं अन्य विभागों से कहा कि खबरो को संज्ञान में लेते हुए कार्यवाही करते हुए वस्तुस्थिति से अवगत कराएं। उन्होने कहा कि वनाधिकार के पट्टों का सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ निराकरण किया जाए । बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह,अपर कलेक्टर पी के सेनगुप्ता, अमित सिंह,एसडीएम मानपुर हरनीत कौर कलसी, एसडीएम बांधवगढ अंबिकेश प्रताप सिंह,एसडीएम पाली मीनाक्षी इंगले,डिप्टी कलेक्टर एवं जनपद सीईओ मानपुर प्रत्यूष श्रीवास्तव,सहित अन्य जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।



## अनुशासन के साथ संपन्न हुआ भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग

### कार्यकर्ता संगठन की कार्यपद्धति से हुए अवगत

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन में जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम के नेतृत्व में मंडल स्तर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान के तहत 14-15 मार्च को पसान (मंगल भवन, जमुना कॉलोनी) एवं कोतमा में दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग संपन्न हुआ। अनुशासन में रहते हुए मंडल के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने इसमें सक्रिय भागीदारी की तथा सत्रों में दी गई जानकारी को ग्रहण किया। दोनों दिनों में भाजपा के प्रशिक्षित पदाधिकारियों, मध्य प्रदेश शासन के मंत्री दिलीप जायसवाल, मिथिलेश प्यासी, अनिल गुप्ता, राम अवध सिंह, रामदास पुरी, बृजेश गौतम, आधा राम वैश्य, डॉ. सुनील चौरसिया एवं हनुमान गर्ग ने कार्यकर्ताओं को विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया। संगठन द्वारा निर्धारित समय पर आयोजित सत्रों में प्रथम दिन भाजपा का इतिहास एवं विकास, वैचारिक अधिष्ठान, कार्य पद्धति, प्रश्नोत्तरी, भोजन एवं मनोरंजन सत्र शामिल रहे। रात्रि विश्राम के बाद दूसरे दिन प्रातः जागरण और योगा के पश्चात केंद्र सरकार की योजनाएं, सोशल मीडिया, नमो ऐप एवं संगठन ऐप का उपयोग, बूथ प्रबंधन, मन की बात, प्रदेश सरकार की उपलब्धियां तथा कार्य विस्तार की दृष्टि जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला संयोजक सिद्धार्थ शिव सिंह, सहसंयोजक एवं जिला उपाध्यक्ष आनंद केसरवानी, जितेंद्र भट्ट, विनोद केवट, मंडल पसान के संयोजक अजय द्विवेदी, मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह मिंटू एवं कोतमा मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र जैन, कोतमा के कार्यक्रम संयोजक विजय पांडे की सराहनीय भूमिका रही। उपरोक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह द्वारा दी गई।

## उमरिया में गैस के लिए हाहाकार; बुकिंग सिस्टम फेल, चूल्हे बुझे, गोदामों पर उमड़ी भीड़, अधिकारी बेपरवाह

उमरिया।

जिले में इन दिनों आम आदमी की रसोई पर सिस्टम का ग्रहण लग गया है। घरेलू गैस सिलेंडर के लिए उपभोक्ताओं को दर-दर की ठोकरें खानी पड़ रही हैं। आलम यह है कि ऑनलाइन बुकिंग का आधुनिक दावा पूरी तरह फुस्स हो चुका है और लोग खाली सिलेंडर कंधे पर लादकर सुबह से शाम तक एजेंसियों की धूल फांक रहे हैं। दावों और वादों के बीच उमरिया और बिरसिंहपुर पाली की जनता त्राहि-त्राहि कर रही है, लेकिन जिम्मेदार मौन साधे बैठे हैं।

### तकनीकी खामी या उपभोक्ताओं से खिलवाड़

सरकार डिजिटल इंडिया का ढोल पीट रही है, लेकिन जिले की हकीकत यह है कि यहाँ का ऑनलाइन गैस बुकिंग सिस्टम वेंटिलेटर पर है। टोल-फ्री नंबर पर कॉल लगाओ तो या तो कनेक्ट नहीं होता, और अगर किस्मत से लग जाए तो तकनीकी खराबी का रटा-रटाया जवाब देकर पल्ला झाड़ लिया जाता है। उपभोक्ता फोन मिलाते-मिलाते थक गए हैं, लेकिन चूल्हा जलाने का जुगाड़ नहीं हो पा रहा है। सवाल यह उठता है कि जब करोड़ों का टर्नओवर करने वाली गैस कंपनियाँ अपना सर्वर ठीक नहीं रख सकतीं, तो इसका खामियाजा गरीब जनता क्यों भुगते?

### 4 दिनों से भटक रहे लोग



जिले की 12 गैस एजेंसियों के बाहर इन दिनों मेले जैसा मंजर है, लेकिन यह मेला खुशी का नहीं, बल्कि मजबूरी का है। एनएच-43 स्थित चपहा गैस एजेंसी हो या जिला मुख्यालय की अन्य शाखाएं, हर जगह लंबी-लंबी कतारें सिस्टम की विफलता की गवाही दे रही हैं। उपभोक्ता मुकेश प्रजापति जैसे सैकड़ों लोग पिछले तीन-चार दिनों से काम-धंधा छोडक़र एजेंसी की चौखट पर माथा टेक रहे हैं। कई घरों में पिछले दो दिनों से चूल्हा तक नहीं जला है। लोग भूखे पेट लाइनों में खड़े हैं, और घंटों के इंतजार के बाद भी नसीब हो रही है तो सिर्फ निराशा।

### अंधेर नगरी, चौपट व्यवस्था

स्थिति इतनी भयावह हो चुकी है कि लोग अब दफ्तरों को छोड़ सीधे गैस गोदामों पर धावा बोल रहे हैं। सुबह सूरज निकलने से पहले ही लोग खाली सिलेंडर लेकर मोर्चा संभाल लेते हैं। उमरिया स्थित गैस एजेंसियों का कहना है कि सर्वर डाउन होने से वितरण प्रक्रिया बाधित है। लेकिन जनता पूछ रही है कि क्या सर्वर ठीक होने तक उनका पेट खाली रहेगा? एजेंसी ऑपरेटरों का उम्मीद है जल्द ठीक होगा वाला जुमला अब उपभोक्ताओं के सब्र का बांध तोड़ रहा है।

### आम आदमी की जेब और पेट पर सीधा प्रहार

एक ओर महंगाई की मार है, तो दूसरी ओर उपलब्ध संसाधनों के लिए यह जद्दोजहद। चपहा की लाइन में लगे एक बुजुर्ग उपभोक्ता ने रुआंसे स्वर में कहा दो दिन से एजेंसी आ रहा हूँ, हर बार कहा जाता है कल आना। घर में बच्चे भूखे हैं, लकड़ी जलाकर किसी तरह गुजारा कर रहे हैं, लेकिन क्या यही अच्छे दिन हैं? यह दर्द जिले के हजारों परिवारों का है। जिले में गैस सिलेंडर की यह किल्लत महज एक तकनीकी समस्या नहीं है, बल्कि यह प्रबंधन की घोर विफलता है। यदि अगले 24 घंटों में बुकिंग सिस्टम दुरुस्त कर वितरण सुचारू नहीं किया गया, तो आक्रोशित जनता सडक़ों पर उतरने को मजबूर होगी। प्रशासन को चाहिए कि वह तत्काल हस्तक्षेप कर कंपनियों को सख्त निर्देश जारी करे, वरना घरों के बुझे हुए चूल्हों की आग किसी बड़े जनांदोलन की शक्ल ले सकती है।

## हिंदू शास्त्रों में मां दुर्गा के आगमन और प्रस्थान के वाहन का विशेष महत्व

# चैत्र नवरात्र का पावन पर्व 19 मार्च से शुरू

हरिभूमि न्यूज कोतमा।

चैत्र नवरात्र का पावन पर्व 19 मार्च गुरुवार से शुरू होने जा रहा है। हिंदू शास्त्रों में मां दुर्गा के आगमन और प्रस्थान के वाहन का विशेष महत्व बताया गया है, क्योंकि यह आने वाले समय के लिए शुभ या अशुभ संकेतों की ओर इशारा करता है। नवरात्र किस दिन से शुरू हो रही है, उसी के आधार पर देवी का वाहन निर्धारित होता है। इस साल नवरात्र गुरुवार से शुरू हो रही है, और ज्योतिषीय गणना के अनुसार जब नवरात्र गुरुवार या शुक्रवार से शुरू होती है, तो मां दुर्गा डोली पालकी पर सवार होकर आती हैं। डोली पर मां का आगमन जीवन में बड़े बदलावों और महत्वपूर्ण सीखों का संकेत देता है। देवी पुराण की मानें तो, मां दुर्गा का पालकी पर आना प्राकृतिक और सामाजिक नजरिए से काफी हलचल भरा माना जाता है। पालकी पर आने का मतलब है कि आने वाले समय में देश-दुनिया में थोड़ी उथल-पुथल होने की आशंका बनी रह सकती है। यह वाहन हमें यह सीख देता है कि संघर्ष के बाद ही सफलता मिलती है, इसलिए हमें मुश्किल घड़ी में भी अपनी सूझ-बूझ और साहस के साथ जीवन का संचालन करना चाहिए।

### आगमन के वाहन का कृषि और व्यवसाय पर प्रभाव

पंडित अमन पाण्डेय के अनुसार मां का डोली पर आना कृषि और आर्थिक क्षेत्र के लिए मिश्रित परिणाम लेकर आता है। वास्तु और ज्योतिष के अनुसार ऐसे समय में फसलों को लेकर थोड़ी सावधानी बरतने की आवश्यकता होती है। व्यवसाय के संचालन में भी उतार-चढ़ाव की स्थिति बन



सकती है, इसलिए निवेश या नए कार्यों को लेकर भगवान का शुक्रिया अदा करते हुए आगे बढ़ना चाहिए। गुरुवार से चैत्र नवरात्रि प्रारंभ होने जा रहा है। यह आध्यात्मिक दृष्टि से बेहद खास होता है। मान्यता है कि, नवरात्रि के इन दिनों में मां दुर्गा अपनी विशेष कृपा भक्तों पर बरसाती हैं और साधक के दुखों का निवारण कर सुख-सौभाग्य को बढ़ाती हैं। इस दौरान देवी के नौ स्वरूपों की भव्य पूजा के साथ-साथ भजन-कीर्तन व पाठ का शुभ आयोजन भी किया जाता है।

### ये है मूहूर्त

पंडित कुंज बिहारी मिश्रा के अनुसार, चैत्र महीने की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि 19 मार्च को सुबह 06 बजकर 52 मिनट पर प्रारंभ होगी और 20 मार्च को सुबह 04 बजकर 52 मिनट पर यह तिथि समाप्त हो रही है। ऐसे में 19 मार्च को चैत्र नवरात्रि का त्योहार प्रारंभ होगा। राम नवमी का पावन पर्व 26 मार्च को मनाया जाएगा। पंचांग के अनुसार, चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि 26 मार्च को सुबह 11 बजकर 48 मिनट पर प्रारंभ होगी और 27 मार्च को सुबह 10 बजकर 6 मिनट पर समाप्त होगी। राम नवमी का मध्याह्न काल 26 मार्च को सुबह 11 बजकर 27 मिनट से लेकर दोपहर 1 बजकर 54 मिनट के बीच होगा। राम नवमी पर भगवान श्रीराम की पूजा के लिए मध्याह्न काल को विशेष महत्व दिया जाता है, कहा जाता है कि भगवान राम का जन्म मध्याह्न काल में ही हुआ था। इसलिए राम नवमी 26 मार्च को मनाई जाएंगी। चैत्र नवरात्रि के पहले दिन से ही हिंदू नववर्ष का आरंभ माना जाता है। चैत्र नवरात्रि पर्व को लेकर नगर के मंदिरों मढ़ियों एवं चौरा में मंदिर समितियां के द्वारा तैयारी भी शुरू कर दी गई है मंदिरों के रंग रोगन का कार्य शुरू हो गया है। मंदिरों को जगमग झालर की रोशनी से सजाया जा रहा है। नगर के ठाकुर बाबा धाम, पंचायती मंदिर, शारदा काली मंदिर, बूढी दाई मंदिर, धर्मशाला मंदिर, गोहंड्रा स्थित काली मंदिर, गोविंद कॉलोनी दुर्गा मंदिर, लहसुई कैंप संतोषी मंदिर में तैयारी शुरू कर दी गई है।

## आयोजित हुई ट्रैफिक चौपाल



हरिभूमि न्यूज कोतमा।

सड़क दुर्घटनाओं को रोकने एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशानुसार यातायात प्रभारी विनोद दुबे के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में ट्रैफिक चौपाल के माध्यम से सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जन जागरूकता लाने के साथ ही राहवीर योजना लाभ बताने और सडक हादसा मे लोगों की मदद करने के लिए जनपद पंचायत कोतमा के ग्राम पंचायत बैहाटोला मे कार्यक्रम आयोजित किया गया। सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों की जानकारी देते हुए यातायात का पाठ पढ़ाया गया, यातायात जागरूकता अभियान में ग्रामीण जनों को यातायात के प्रति हो रहे अच्छे कार्यों को लेकर यातायात पुलिस लगी हुई है स अभियान के तहत बताया गया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं घायलों को तत्काल स्वास्थ्य केंद्र पहुंचने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के द्वारा ट्रैफिक मित्र योजना शुरू की गई जिसके तहत जिले भर के ग्रामीण क्षेत्रों में युवकों को ट्रैफिक मित्र बनाया जा चुका है। पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशन में यातायात विभाग के द्वारा ग्राम बैहाटोला में जन जागरूकता अभियान को बताते हुए उपस्थित जन को बताया गया कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति के जीवन की सुरक्षा के लिए दुर्घटना के बाद का प्रथम घंटा गोल्डन आवर होता है यदि तत्काल अस्पताल तक पहुंचा दिया जाए तो उसके बचने की संभावना बढ़ जाती है, इसको सुनिश्चित करने आमजन की सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा राहवीर योजना प्रारंभ की गई है, जिसे मध्य प्रदेश में भी लागू किया गया है। इस योजना के तहत गंभीर सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को तत्काल अस्पताल पहुंचने वाले व्यक्ति को 25000 रुपए का नगद इनाम एवं प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। एक व्यक्ति सालभर में 6 बार इस योजना के तहत पुरस्कृत हो सकता है। इसलिए सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद के लिए आगे आए जिससे सड़क दुर्घटना मे होने वाली मृत्यु एवं स्थाई अपंगता को रोका जा सके। हिट एंड रन के प्रकरण जिसमें आरोपी एवं वाहन अज्ञात होता है, ऐसी सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को 50,000 रुपए तथा दुर्घटना में मृत व्यक्ति के परिजनों को 2,00,000 रुपए की आर्थिक सहायता दिए जाने का प्रावधान है। आपके संज्ञान में ऐसा कोई केश आता है तो संबंधित व्यक्ति को इस योजना के तहत एसडीएम कार्यालय में आवेदन करने हेतु जरूर बताएं। यातायात विभाग के द्वारा लोगों को यातायात जागरूकता अभियान एवं राहवीर योजना को लेकर ट्रैफिक चौपाल कार्यक्रम में यातायात विभाग के सहायक उपनिरीक्षक संजय श्रीवास, विनय मिश्रा, कपिल, मोहित सहित ग्रामीण क्षेत्र के स्थानीय सरपंच/सचिव सहित लगभग 100 से अधिक ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# राजनगर में सामूहिक रोजा इफ्तार, पार्टी में दिखी सौहार्द्र की झलक

हरिभूमि न्यूज ‹राजनगर।

नगर परिषद बनगवां (राजनगर) क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 6 में रविवार शाम को मस्जिद में सामूहिक रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इफ्तार पार्टी में हिंदू, मुस्लिमों ने एक साथ रोजा खोलकर एकता और सौहार्द की मिसाल पेश की। इफ्तार के बाद वहीं पर नमाज भी अदा की गई। इस सामूहिक इफ्तार पार्टी में दोनों समुदाय के लोगों ने भाग लिया। बिना भेदभाव सभी ने एक दस्तरख्वान पर बैठकर शाम 6:10 पर अजान होते ही खजूर से रोजा खोला। इफ्तार के बाद मगरिब की नमाज अदा की गई। मुस्लिम समुदाय



ने विश्व और देश में अमन, शांति की दुआ कि। इस मौके पर कांग्रेस के हरिशंकर दुबे की तरफ से रोजा इफ्तार का प्रोग्राम राजनगर मस्जिद में किया गया। जिसमें कांग्रेस जिला अध्यक्ष गुड्डू चौहान, श्रमिक संघ इंटक कि ओर से वरिष्ठ नेता एंव महामंत्री जे.पी. श्रीवास्तव, गिरजेश श्रीवास्तव, नाइफ सेक्रेटरी इमरान खान बंटी, नायब सदर समसू भाई, नूर अली, मुजफ्फर अंसारी, शमशेर पठान, अल्पसंख्यक विभाग मोहम्मद इफ्तिखार सोनू, अरमान, समीर, सद्दाम अंसारी, बदरू अंसारी, मकसूद, शाहिद खान, इमरान अंसारी, परवेज आलम, फिरोज खान, इमामुद्दीन, निजामुद्दीन अंसारी, नईमुद्दीन अंसारी, इम्तियाज अंसारी, इंतजार शेख आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### रेलवे लाइन किनारे घायल मिला अधेड़

**कटनी।** बीना रेलखंड पर स्थित पटोरा रेलवे स्टेशन के पास रविवार दोपहर एक अज्ञात अधेड़ व्यक्ति लहूलुहान और गंभीर हालत में मिला। रेलवे लाइन के किनारे अधमरी स्थिति में पड़े इस व्यक्ति को रेल कर्मचारियों और पुलिस की मदद से तत्काल रीठी के शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार रविवार दोपहर करीब 12 बजे पटोरा रेलवे स्टेशन पर ड्यूटी पर तैनात रेल कर्मचारियों की नजर रेलवे लाइन के समीप पड़े एक अधेड़ पर पड़ी। व्यक्ति की हालत बेहद चिंताजनक थी जिसे देखते हुए कर्मचारियों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और घटनास्थल का जायजा लिया। घायल व्यक्ति को 108 एंबुलेंस की मदद से रीठी के शासकीय अस्पताल पहुँचाया गया जहाँ डॉक्टरों की टीम उसका उपचार कर रही है। फिलहाल घायल की स्थिति नाजुक बनी हुई है। घायल व्यक्ति की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों और थानों में संपर्क कर उसकी शिनाख्त करने का प्रयास कर रही है।

### श्रमिकों के लिए प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन योजना

**कटनी।** असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले रेहड़ी-पटरी वाले, रिक्शा चालक, घरेलू कामगारों के लिए प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन योजना शुरू की गई है। इसके पात्रता के लिए आयु 18 वर्ष से 40 वर्ष के बीच होनी चाहिए तथा मासिक आमदनी 15 हजार रूपये से कम हो। उनके लिये केन्द्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन योजना प्रारम्भ की गई है। योजना में पंजीकृत श्रमिक को 60 वर्ष की आयु के बाद प्रतिमाह 3 हजार रुपये निश्चित मासिक पेंशन दिये जाने का प्रावधान है। इस योजना में श्रमिक और सरकार द्वारा अंशदान दिया जाता है। अंशदान की राशि श्रमिक की आयु अनुसार 55 रूपये से 200 रुपये तक निर्धारित है। यदि लाभार्थी की मृत्यु हो जाती है तो पति,पत्नी को पेंशन का 50 प्रतिशत (1500 रूपये) दिये जाने के प्रावधान है। इस योजना में पंजीयन कॉमन सर्विस सेंटर अथवा maandhan.in Portal पर आधार कार्ड और बैंक खाते के साथ किया जा सकता है।

### ढीमरखेड़ा न्यासयालय में लोक अदालत आयोजित

**कटनी।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं अध्यक्ष व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जीतेन्द्र कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में ढ़ीमरखेड़ा न्याायालय में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेश प्रयासी, जयप्रकाश नारायण शुक्ला, अटल बिहारी बाजपेयी, रमेश पटेल अधिवक्ता व अन्य अधिवक्तागण के साथ-साथ न्यायालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### वंचित वर्ग के बालक बालिकाओं को बेहतर शिक्षा उपलब्ध करने के प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

राज्य शिक्षा केंद्र, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संचालित शासकीय छात्रावासों में वर्ष 2026 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस वर्ष विभाग ने प्रवेश प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन कर दिया है। इसके लिए एजुकेशन पोर्टल 3.0 के माध्यम से विशेष ई-हॉस्टल प्रबंधन प्रणाली विकसित की गई है। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों तथा नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका एवं बालक छात्रावासों में विशेष रूप से वंचित वर्ग के बालक-बालिकाओं को उच्च प्राथमिक स्तर की शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पारदर्शी ऑनलाइन प्रवेश प्रणाली प्रारंभ की गई है। ई-हॉस्टल प्रबंधन प्रणाली एक समेकित डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जिसे आवासीय विद्यालयों एवं छात्रावासों में प्रवेश प्रक्रिया, सीट आवंटन, अभिलेख संधारण और प्रशासनिक कार्यों को ऑनलाइन एवं पारदर्शी तरीके से संचालित करने के लिए विकसित किया गया है। ई-हॉस्टल प्रबंधन प्रणाली विशेष रूप से कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी) टाइप-I एवं टाइप-III तथा नेताजी सुभाष चंद्र बोस (एनएससीबी) बालक/बालिका छात्रावासों के पारदर्शी प्रबंधन और उनमें प्रवेश की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विकसित की गई है। छात्रावासों में कक्षा 6वीं एवं अन्यउ कक्षाओं की रिक्ता सीटों पर प्रवेश के लिए विद्यार्थी प्रथम चरण में 30 मार्च 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# सिविल न्यायालय में नेशनल लोक अदालत में न्यायाधीशों ने 174 लंबित प्रकरणों का निपटारा आपसी रजामंदी से कराया

**बुढ़ार। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अध्यक्ष श्री काशीनाथ सिंह, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के मार्गदर्शन में तथा जिला न्यायाधीश श्री सुशील कुमार अग्रवाल अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति बुढार की अध्यक्षता में शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन शिविल न्यायालय बुढार में किया गया और आयोजित नेशनल लोक अदालत में 174 लंबित प्रकरणों का सुलभ निपटारा किया गया, वहीं माननीय न्यायाधीश की समझाईश से वैवाहिक कई मामलों का निराकृत किया गया और दम्पत्ति आपसी सहमति से एक हो गये।**



नैशनल लोक अदालत में खंडपीठ सुशील कुमार अग्रवाल जिला न्यायाधीश,श्रीमती आकाक्षा तेकाम, ऋषव दीक्षित, श्री लक्ष्मण रोहित न्यायिक मजिस्ट्रेट की रही, वहीं न्यायालयीन सहभागिता हेतु अति सहायक अभियोजन अधिकारी कुवेंद्ध शाह ठाकुर. संतोष कुमार पाटले,अपर लोक अभियोजक अधिकारी आलोक राय,अशोक सिसोदिया एवं न्यायालयीन वरिष्ठ कर्मचारी श्रीमती अनीता शर्मा एवं नायाब नाजिर राजकुमार पैकरा, अभिभावक संघ बुढार के अध्यक्ष जयकांत मिश्रा(एड.), सचिव शैलेंद्र प्रताप सिंह एवं वरिष्ठ अधिवक्ताओं द्वारा न्यायालीन कार्य में विशेष सहयोग प्रदत्त किये। नेशनल लोक अदालत में नगरपालिका, विद्युत विभाग, सहित विभिन्न बैंक के विभागीय जनो की उपस्थिति रही और वकायादारो ने शिविर का लाभ उठाते हुए वकाया करों की अदायगी की। न्यायालय सुशील कुमार अग्रवाल जिला न्यायाधीश बुढ़ार खण्डपीठ -16 के प्रकरण का संक्षेप इस प्रकार है रहा कि - माननीय न्यायाधीश बुढ़ार के यहां लंबित प्रकरण धारा 13 हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 अंतर्गत(आर.सी.एस.एच.एम.) (मिथलेश कोल बनाम अनीता) में तथ्य यह था कि उभयपक्ष का विवाह हिन्दू विधि से 18 मई 2014 को सम्पन्न हुआ परन्तु विवाह के 8 साल उपरांत उभयपक्ष के मध्य वैचारिक मतभेद होने से उभयपक्ष का एकसाथ रहना कठिन हो गया। उभयपक्ष के मध्य कई बार नात रिश्तेदारो द्वारा समझाईश का भी प्रयास किया गया, किन्तु उभयपक्ष का आपस में रह पाना संभव नहीं हो सका, जिस पर मा. न्यायालय में याचिकाकर्ता द्वारा उत्तरवादी से वैवाहिक जीवन के न्यायिक प्रथक्करण की आज्ञाप्त चाही गई। प्रकरण को नेशनल लोक अदालत की खण्डपीठ श्री सुशील कुमार अग्रवाल(जिला न्यायाधीश) के समक्ष रखा



गया, तत्संबंध में उपस्थित पक्षों को सुना गया। दोनों पक्षों को समझाईश दी गई जिससे दोनों पक्ष ने खुशी- खुशी राजीनामा कर लिया। आगे कोई भी विवाद न होने की संभावना के साथ साक्ष्य लिया जाकर प्रकरण समाप्त किया गया और दोनों पक्षों को फूलमाला पहनाकर मा. न्यायाधीश ने आर्शीवाद दिया और पौधे सुलह के रूप में प्रदत्त किया गया। इसके अलावा श्रीमती आकांक्षा तेकाम न्यायिक मजिस्ट्रेट बुढ़ार के खण्डपीठ-17 में प्रकरण का संक्षेप यह रहा कि न्यायिक मजिस्ट्रेट बुढ़ार के यहां लंबित प्रकरण धारा 144 बी.एन.एस. अंतर्गत(सुनीता बनाम धनसिंह) में तथ्य यह रहा है कि-उभयपक्ष का विवाह हिन्दू विधि से 3 मई 2023 को सम्पन्न हुआ किन्तु विवाह के कुछ महीनों तक आवेदिका को अच्छे से रखा और बाद में अनावेदक काम करने पूना चला गया जहां पर आवेदिका को भी साथ में ले गया जहां अनावेदक द्वारा वहां पर शराब पीकर मारपीट करने लगा जिससे आवेदिका व अनावेदक के मध्य का आपस में रह पाना असंभव हो गया, इस मामले में याचिकाकर्ता द्वारा उत्तरवादी से वैवाहिक जीवन के न्यायिक प्रथक्करण की आज्ञाप्ति चाही गई। प्रकरण को नेशनल लोक अदालत की खण्डपीठ श्रीमती आकांक्षा तेकाम(न्यायिक मजिस्ट्रेट बुढ़ार) के समक्ष रखा गया, तत्संबंध में उपस्थित पक्षों को सुना गया, और दोनों पक्षों को समझाईश दी गई जिससे दोनों पक्ष ने खुशी- खुशी राजीनामा कर लिये और उनका साक्ष्य लिये जाकर प्रकरण को समाप्त किया गया। दोनों ने एक-दूसरे को माला पहनाकर अपनी खुशी जाहिर किये और मा. न्यायाधीश ने आर्शीवाद दिया और पौधे सुलह के रूप में प्रदत्त किया।
उक्त न्यायालयीन प्रकरणों में बुढ़ार न्यायालय के पैनल अधिवक्ता श्रीमती अनीता सहोता, उमेश कुमार अवस्थी, भगवानदास यादव, संतोष कुमार गुप्ता तथा सामाजिक कार्यकर्ता अखिलेश सिंह उपस्थित रहे।

# नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की उद्‌घोष से गुंजायमान हुआ कथा स्थल





### श्रीमद्भागवत कथा में धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, मनमोहक झांकियों ने मोहा मन

बुढार नगर के हीरा कॉलोनी स्थित नरेंद्र तिवारी के निवास पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन रविवार को भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कथा व्यास पंडित बालकृष्ण पांडे ने अपनी अमृतमयी वाणी से जैसे ही कान्हा के जन्म का प्रसंग सुनाया, पूरा पंडाल 'नंद घर आनंद भयो' के जयकारों से गूंज उठा।

### दिव्य झांकियों ने बिखेरी छटा

जन्मोत्सव के दौरान पंडाल में विशेष झांकियां सजाई गईं। नन्हे बालक को श्रीकृष्ण के रूप में सजाकर जैसे ही मंच पर लाया गया, श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। वासुदेव, देवकी, यशोदा और नंदबाबा के रूप में सजे कलाकारों की जीवंत प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। भक्तों ने बाल स्वरूप कान्हा को माखन-मिश्री का भोग लगाया और पालने में झुलाकर दुलार किया।

### असंभव को संभव बनाती है प्रभु की कृपा

कथा वाचन करते हुए पंडित बालकृष्ण पांडे ने कहा कि जब भगवान का अवतार होता है, तो विपरीत परिस्थितियां भी अनुकूल हो जाती हैं। उन्होंने बताया कि कृष्ण जन्म के समय जेल के ताले अपने आप टूट गए और पहरेदार सो गए। यह इस बात का प्रतीक है कि प्रभु की कृपा से संसार का कोई भी कार्य असंभव नहीं है। संगीतकारों द्वारा प्रस्तुत भजनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूमने पर मजबूर हो गए।

### भक्त प्रहलाद की भक्ति और नरसिंह अवतार का वर्णन

कथा के दौरान महाराज श्री ने भक्त प्रहलाद और हिरण्यकश्यप के प्रसंग पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया किःअहंकार का अंतः हिरण्यकश्यप ने अपने पुत्र प्रहलाद को विष्णु भक्ति से रोकने के लिए कई प्रताड़नाएं दीं, लेकिन सच्ची भक्ति कभी विचलित नहीं हुई.ईश्वर का अवतारः भक्त के कष्टों को दूर करने के लिए स्वयं भगवान विष्णु ने नरसिंह अवतार धारण कर अधर्म का विनाश किया।सीखः महाराज श्री ने जोर देकर कहा कि अहंकार ईश्वर से दूर ले जाता है, जबकि निस्वार्थ और सच्ची भक्ति ही परमात्मा से मिलन का एकमात्र मार्ग है। श्रीमद्भागवत कथा के विशेष अवसर पर आज पंडाल में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। क्षेत्र के धर्मप्रेमी बड़ी संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण कर रस्पादन कर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं।

# जिला चिकित्सालय उमरिया में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

### रक्तदान कर जीवन दान का दिया संदेश

**उमरिया।** रक्तदान जीवनदान के उद्देश्य से ब्लड बैंक अधिकारी डॉ. मुकुल तिवारी के मार्गदर्शन पर युवा टीम उमरिया द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिला चिकित्सालय उमरिया में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में 06 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया।

ब्लड बैंक अधिकारी डॉ मुकुल तिवारी ने उपस्थित रक्तदाताओं को बताया कि रक्तदान शरीर शोधन की एक प्रक्रिया है, रक्तदान करने से शरीर में नया रक्त तैयार होता है और पहले के रक्त में उपलब्ध कई तरह के कोलेस्ट्राल आदि कम होते हैं।

लैब टेक्नीशियन वीरेंद्र शर्मा व होमगार्ड ,आपदा प्रवंधन उमरिया प्रभारी अधिकारी राहुल कुमार साहू ने कहा कि रक्तदान महादान है। स्वस्थ लोगों को साल में एक बार जरूर रक्तदान करना चाहिए। इससे बेहतर स्वास्थ्य रहता है।युवाओं से साल में कम से कम दो बार रक्तदान करने का आह्वान किया। रक्तदान करने से दिल की सेहत में सुधार, दिल की बीमारियों और स्ट्रोक के खतरे को कम करता है।



रक्तवीर हिमांशु तिवारी ने कहा कि रक्तदान महा दान है। रक्त की दो बूंद से किसी जरूरत मंद व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है, इसलिए इस पुन्य के कार्य में रक्तदान के लिए युवाओं को बढ़-चढ़ कर सहयोग देना चाहिए। सभी रक्त वीरों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।शिविर में युवा व अधिकारियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। रक्तदान शिविर के दौरान जिला चिकित्सालय लैब टेक्नीशियन वीरेंद्र शर्मा,होमगार्ड ,आपदा प्रवंधन उमरिया प्रभारी अधिकारी राहुल कुमार साहू,उमरिया पुलिस आरक्षक कामोद टेकाम,रक्तवीर हिमांशु तिवारी , राहुल सिंह,अंकित सिंह,मंगलेश सिंह,एवं सभी उपस्थित रहे।

# पाठ्यक्रम में बदलाव के विरोध में सौंपा गया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आयुध निर्माणी विद्यालय को 2026-27 से सीबीएसई पाठ्यक्रमानुरूप संचालित करने के निर्णय को लेकर संयुक्त संघर्ष समिति के द्वारा एक ज्ञापन सौंपते हुए,उठाए गए मुद्दों पर गंभीरता से विचार करने की अपेक्षा की गई है।

गौरतलब है कि आयुध निर्माणी कटनी के पूर्वी परिक्षेत्र में वर्षों से संचालित उच्चतर माध्यमिक शाला को चालू सत्र तक माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश, भोपाल से सम्बद्धता थी तथा मूलतः यह विद्यालय हिंदी माध्यम से संचालित होता आ रहा है। और तो और इस विद्यालय से अब तक हजारों-हजार विद्यार्थियों ने शिक्षा प्राप्त की है।

आयुध निर्माणी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को सत्र 2026-27 से सी. बी. एस. ई. पाठ्यक्रम द्वारा संचालित किए जाने का एकतरफा निर्णय लिया जा चुका है। एकपक्षीय थोपे गए निर्णय को पूरी तरह से अमलीजामा पहनाने की श्रृंख्ला में आयुध निदेशालय, कोलकाता(समन्वय एवं सेवाएँ) के निर्देशानुसार फील्ड यूनिट जबलपुर के उच्च अधिकारियों द्वारा विद्यालय में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के माता-पिता/अभिभावकों के साथ गत दिवस एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की सूचना मिलते ही ₹संयुक्त संघर्ष समिति₹, आ. नि. कटनी महासचिव संजय तिवारी ने इस विषय में अनेक अभिभावकों से मुलाकात करके उनका अभिमत लेने के बाद,संयुक्त संघर्ष समिति की बैठक बुलाई।



बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने म. प्र. बोर्ड के सीबीएसई पाठ्यक्रम संचालन में परिवर्तन के गुण-दोष,हानि-लाभ, पक्ष- विपक्ष का बेहतर मूल्यांकन करने के उपरांत आयुध निदेशालय कोलकाता को एक ज्ञापन प्रेषित किया है। सौंपें गये ज्ञापन में उन्होंने जहाँ एक ओर इस परिवर्तन के पक्ष में लाभ बताए वहीं इस परिवर्तन के विपक्ष को अधिक प्रभावशाली बताया है।

संघर्ष समिति द्वारा ज्ञापन में सबसे अहम बोर्ड परिवर्तन के कारण फीस में वृद्धि को रेखांकित किया गया है क्योंकि अब तक इस विद्यालय में शिक्षा लगभग निःशुल्क थी। फीस वृद्धि से निम्न वर्ग के अभिभावकों पर आर्थिक बोझ पड़ेगा तथा इस वर्ग के बच्चों की शिक्षा से वंचित रह जाने की संभावना बढ़ेगी। इसके अलावा

अंग्रेजी माध्यम में अचानक परिवर्तन होने से अध्ययनरत बच्चों की शैक्षणिक प्रगति पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। साथ ही यह भी कहा गया है कि,यह परिवर्तन क्षेत्रीय सांस्कृतिक मूल्यों एवं हिंदी भाषा के प्रचार को कम करता है तथा बोर्ड परिवर्तन से दाखिला प्रक्रिया भी ऑनलाइन हो सकती है।

### छात्र छात्राओं ने किया अमगवां में एक्सपोजर विजिट



मुख्यमंत्री समुदाय नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के अंतर्गत विकासखण्ड बहोरीबंद के छात्र–छात्राओं का ग्राम अमगवा में एक्सपोजर विजिट आयोजित किया गया। इस दौरान प्रतिभागियों ने संजय लोधी की नर्सरी का अवलोकन किया। विजिट के दौरान संजय लोधी द्वारा तैयार किए गए आम एवं नींबू के बगीचे का निरीक्षण कराया गया तथा प्रतिभागियों को ग्राफ्टिंग तकनीक, ड्रिप सिंचाई पद्धति, मछली पालन, हाइब्रिड सब्जियों की नर्सरी तैयार करने तथा फूलों की खेती के बारे में व्यावहारिक जानकारी दी गई। इस अवसर पर छात्रों ने कृषि एवं उद्यानिकी के उन्नत तरीकों को नजदीक से समझा और उनसे जुड़े अनुभव प्राप्त किए। कार्यक्रम में ब्लॉक समन्वयक श्री अरविंद शाह, मेंटर अवधेश बैरागी, रामसिंह पटेल, आशीष कुमार तिवारी, विनोद सिंह, उमा अवस्थी, नवांकुर संस्था प्रभारी मनोज कुमार रैदास, संजय लोधी (प्रस्फुटन समिति अमगवा), इंद्रजीत सिंह, वीरेंद्र सिंह, देवेंदु यादव, शिल्पा राय सहित सीएमसीएलडीपी के छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

# साहू समाज द्वारा मां कर्मा देवी जयंती पर सिलौड़ी-नेगई में निकाली गई शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलौड़ी

सिलौंडी और नेगाई में साहू समाज ने मां कर्मा देवी की जयंती पर एक विशाल शोभायात्रा निकाली जो कि सिलौंडी शिव मंदिर झंडा चौक से सोसायटी मार्ग होकर बस स्टैंड से शिव चौक होकर मुख्य मार्ग से नेगाई के खेरमाता पहुंची।

शोभायात्रा में बड़ी संख्या मे साहू समाज की महिलाएं , वरिष्ठ जन ,युवा और बच्चो की मौजदगी रही ।शोभायात्रा के समापन में मां कर्मा देवी के सामाजिक कार्यों को याद किया गया। मां कर्मा देवी बाई एक प्रसिद्ध भक्त और साहू समाज की आराध्य देवी हैं। उनका जन्म 1615 में राजस्थान के नागौर जिले के कलवा गांव में हुआ था। उनके पिता जीवनराम डूडी एक धार्मिक व्यक्ति थे और उनकी माता भी बहुत भक्तिमान थीं। मां कर्मा देवी भगवान कृष्ण की बड़ी भक्त थीं और उनकी सेवा में अपना जीवन समर्पित किया था। उन्होंने समाज के दीन-दुखियों की सेवा की।मां कर्मा देवी की जयंती चैत्र मास के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि को मनाई जाती है। उनकी पूजा-अर्चना करने से भगवान कृष्ण की कृपा प्राप्त होती है और समाज में शांति और समृद्धि आती है ।

इस दौरान सिलौंडी सरपंच पंचों संतोष कुमार,पूर्व सरपंच गणेश साहू,सुशील साहू ,जगन साहू ,सेवा राम साहू ,डॉक्टर मन मोहन राय ,प्रह्लाद सेन ,अशोक साहू ,अजीत साहू ,नितिन साहू ,सचिन साहू ,प्रदीप साहू ,शुभम साहू , विकेश साहू ,शंकर लाल साहू घाना, संतोष साहू ,कोठी राम साहू ,रामबिहारी साहू सहित साहू समाज के वरिष्ठ जन की उपस्थिति रही।



## खबर संक्षेप

### दिलीप उर्मलिया बने वरिष्ठ अधिकारी, राष्ट्रीय कोल स्तर के परीक्षा में किया टॉप



**अनूपपुर।** जिले के देवहरा निवासी भारतीय जनता पार्टी अनूपपुर जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता तथा जिला कोषाध्यक्ष रामनारायण उरमलिया के पुत्र दिलीप उर्मलिया ने एसईसीएल मुख्यालय में हुई डीपीसी परीक्षा के आधार पर ई-2 ग्रेड के राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर जिला एवं संभाग का नाम रोशन किया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) मुख्यालय में 14 मार्च को आयोजित विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठक के आधार पर दिलीप उरमालिया का चयन वरिष्ठ अधिकारी (मार्केटिंग एवं सेल्स) के पद पर पदोन्नति के लिए अस्थायी रूप से अनुशंसित उम्मीदवारों की सूची में किया गया है। उनकी इस उपलब्धि से जहां एक ओर पूरे जिले में हर्ष का माहौल है वहीं इस बड़ी उपलब्धि से लोगों में हर्ष का माहौल बना हुआ है। दिलीप उरमलिया वर्तमान में एसईसीएल के सोहागपुर एरिया के बुढार साइडिंग में कार्यरत हैं उरमलिया अपनी कड़ी मेहनत, लगन एवं कार्यकुशलता के बल पर कोल इंडिया के राष्ट्रीय स्तर पर टॉप वन की उपलब्धि हासिल की है। राष्ट्रीय स्तर की इस परीक्षा में सफलता प्राप्त कर उन्होंने न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे अनूपपुर जिले एवं संभाग को गौरवान्वित किया है। उनकी इस सफलता पर जिले के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, इष्टमित्रों तथा शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें ढेरों बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। लोगों ने आशा जताई है कि दिलीप उरमालिया आगे भी अपनी कर्तव्यनिष्ठा और परिश्रम से क्षेत्र और जिले का नाम रोशन करते रहेंगे।

### विश्व उपभोक्ता संरक्षण दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न

**अनूपपुर।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय भोपाल के निर्देशों के परिपालन में रविवार को जनपद पंचायत जैतहरी के ग्राम पटनाकला में विश्व उपभोक्ता संरक्षण दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों को उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण वस्तुओं एवं सेवाओं के उपयोग के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में उपभोक्ताओं को असुरक्षित एवं नकली उत्पादों से बचने, वस्तुओं की गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों की जांच करने तथा ऑनलाइन और वैश्विक बाजार में उपभोक्ता संरक्षण को मजबूत बनाने की आवश्यकता पर बल दिया गया। इस अवसर पर जिला आपूर्ति अधिकारी श्रीमती अनीता सोरते, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्रीमती सीमा सिन्हा, श्रीमती अलका पटेल, महिला एवं बाल विकास के परियोजना अधिकारी सतीश जैन, सर्विस इंजीनियर अनिरूद्ध कुमार केवट, ग्राम पंचायत पटनाकला की सरपंच श्रीमती तिजिया बाई, उप सरपंच लवकेश सिंह सहित खाद्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, आमजन उपस्थित थे।

## रामपुर-बटुरा खदान पर किसानों की हुंकार, चेतावनी के बाद खुली खदान

# 3 महीने की मोहलत, वरना ताला बंद




**हरिभूमि न्यज अनूपपुर। मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले में रामपुर-बटुरा खुली खदान परियोजना को लेकर किसानों का आंदोलन एक बार फिर सुर्खियों में आ गया। प्रभावित किसानों ने सांकेतिक धरना देते हुए प्रबंधन को अंतिम चेतावनी दी। लंबी बातचीत के बाद प्रबंधन ने समस्याओं के समाधान के लिए तीन महीने का समय मांगा, जिसके बाद किसानों ने लिखित समझौते के साथ खदान खोलने की अनुमति दी।**

रामपुर-बटुरा खुली खदान परियोजना से प्रभावित किसानों की आवाज अब पूरे क्षेत्र में गूंजने लगी है। खदान से जुड़े गांवों के किसानों ने अपने हक और अधिकारों को लेकर एकजुट होकर सांकेतिक धरना आयोजित किया, जो सुबह 10 बजे से शुरू होकर शाम 5 बजे तक चला। आंदोलन को समर्थन देने के लिए देशभर के सामाजिक संगठनों और किसान नेताओं को आमंत्रित किया गया था। इस आंदोलन में संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व विधायक डॉ सुनीलम भी पहुंचे और किसानों के संघर्ष को समर्थन दिया। उनके साथ सर्वोदय समाज के राष्ट्रीय संयोजक संतोष कुमार द्विवेदी, राष्ट्रीय युवा संगठन के शिवाकांत त्रिपाठी और कई सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। बैठक में मुख्य रूप से अधिग्रहित गांवों के मुआवजा भुगतान, विस्थापन, पुनर्वास, रोजगार और क्षेत्रीय विकास जैसे मुद्दों को उठाया गया। किसानों ने स्पष्ट किया कि यदि तय समय में उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

### सैकड़ों किसानों की मौजूदगी में हुआ धरना

रामपुर, बटुरा, खैरबना, बैरिहा, पड़रिया, खाड़ा, चाका, अतरिया, बिछिया और कोदेली सहित कई गांवों के सरपंच, उपसरपंच, जनपद सदस्य और सैकड़ों किसान इस बैठक में शामिल हुए। सभी ने एक स्वर में कहा कि वर्षों से लंबित समस्याओं का समाधान अब टालमटोल से नहीं बल्कि ठोस निर्णय से होना चाहिए।

### मुआवजा, पुनर्वास और रोजगार मुख्य मुद्दा

किसानों ने मांग रखी कि अधिग्रहित गांवों के मुआवजे का भुगतान एक साथ किया जाए और विस्थापन, पुनर्वास व पुनर्स्थापना की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से पूरी की जाए। साथ ही स्थानीय युवाओं को खदान में रोजगार देने को प्राथमिकता देने की भी मांग उठाई गई।



### 200 करोड़ सीएसआर पर भी उठे सवाल

बैठक में यह मुद्दा भी उठाया गया कि कंपनी द्वारा सीएसआर मद में लगभग 200 करोड़ रुपये जिला प्रशासन को दिए जाने की बात कही जाती है, लेकिन क्षेत्र में विकास कार्य नजर नहीं आते। किसानों ने मांग की कि इस राशि का उपयोग शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और पर्यावरण संरक्षण के कार्यों में किया जाए।

### किसानों के साथ अन्याय नहीं होगा-डॉ सुनीलम

अपने संबोधन में डॉ सुनीलम ने कहा कि देश में किसानों ने 380 दिन तक आंदोलन कर अपनी आवाज बुलंद की और 700 से अधिक किसान शहीद हुए। उन्होंने कहा कि रामपुर-बटुरा के किसान जिस एकजुटता के साथ लड़ाई लड़ रहे हैं, वह पूरे देश के लिए उदाहरण है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जरूरत पड़ने पर देशभर के किसान संगठन इस आंदोलन में साथ खड़े होंगे।

### समय सीमा के बाद बड़ा आंदोलन

आंदोलन समिति के प्रमुख भूपेश शर्मा ने चेतावनी दी कि यदि तीन महीने के भीतर समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर बिलासपुर स्थित मुख्यालय के गेट पर ताला बंद कर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

# आउटसोर्स भर्ती का खेल या दबंगई?

### शिकायतों के बाद कोषालय के लिपिक विष्णुदेव तिवारी निलंबित

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले में कोषालय विभाग में पदस्थ एक लिपिक पर लगे गंभीर आरोपों ने प्रशासन को सख्त कदम उठाने पर मजबूर कर दिया। जिला कोषालय कार्यालय में पदस्थ एलडीसी विष्णुदेव तिवारी को महिला कर्मचारियों से जुड़े विवाद और शिकायतों के बाद कलेक्टर ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इस कार्रवाई ने सरकारी कार्यालयों की कार्यप्रणाली और अनुशासन पर भी कई सवाल खड़े कर दिए हैं। जिले के प्रशासनिक गलियारों में इन दिनों कोषालय विभाग से जुड़ा एक मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। जिला कोषालय कार्यालय में अनुकंपा नियुक्ति से पदस्थ एलडीसी विष्णुदेव तिवारी के खिलाफ मिली शिकायतों के बाद कलेक्टर हर्षल पंचोली ने उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। सूत्रों के अनुसार पूरा मामला कोतमा क्षेत्र के स्वास्थ्य विभाग से जुड़ा बताया जा रहा है। आरोप है कि एक महिला कर्मचारी की आउटसोर्स भर्ती कराने में उनकी भूमिका रही और इसके बाद संबंधित विभाग पर दबाव बनाकर उस कर्मचारी से काम लेने में नरमी बरतने के लिए कहा जा रहा था। बताया जाता है कि इसी दौरान विवाद बढ़ गया और एक दिन तिवारी स्वयं कोतमा स्थित बीएमओ कार्यालय पहुंच गए, जहां कथित तौर पर उनका व्यवहार विवाद का कारण बन गया। इस दौरान महिला कर्मचारियों पर छींटाकशी करने के आरोप भी सामने आए। मामले की शिकायत स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा कलेक्टर को भेजी गई थी,




जिसके बाद प्रशासन ने इसे गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई की।

### शिकायत के बाद प्रशासन हरकत में

सूत्रों के मुताबिक इस मामले की शिकायत कोतमा के बीएमओ और सीएमएचओ कार्यालय के माध्यम से जिला प्रशासन तक पहुंची थी। महिला कर्मचारियों से जुड़े संवेदनशील मामले को देखते हुए कलेक्टर ने बिना देर किए मामले को गंभीरता से लिया और विष्णुदेव तिवारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

### बीएमओ कार्यालय में हुआ विवाद

जानकारी के अनुसार विवाद उस समय बढ़ा जब विष्णुदेव तिवारी स्वयं बीएमओ कार्यालय पहुंच गए। वहां मौजूद कर्मचारियों के बीच उनकी बातचीत और व्यवहार को लेकर स्थिति तनावपूर्ण हो गई। बताया जा रहा है कि इस दौरान महिला कर्मचारियों के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणियों के आरोप भी लगे, जिससे मामला और गंभीर हो गया।

### पहले भी विवादों में रहा नाम

सूत्रों का कहना है कि विष्णुदेव तिवारी का नाम पहले भी कई बार विवादों में सामने आता रहा है। उनके व्यवहार और कार्यशैली को लेकर विभाग के भीतर चर्चा होती रही है। कुछ लोगों का दावा है कि कई बार उन्हें नशे की हालत में भी देखा गया, हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

### आरोपी ने आरोपों को बताया निराधार

वहीं जब इस संबंध में विष्णुदेव तिवारी से संपर्क किया गया तो उन्होंने सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। उनका कहना है कि वे केवल बीएमओ कार्यालय किसी कार्य से गए थे और वहां कई लोग मौजूद थे। उन्होंने कहा कि उनके खिलाफ लगाए गए आरोप पूरी तरह निराधार हैं और मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

### सरकारी दफ्तरों में अनुशासन पर उठे सवाल

इस घटना ने सरकारी कार्यालयों में अनुशासन और कार्यसंस्कृति पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि महिला कर्मचारियों से जुड़े मामलों में किसी भी तरह की लापरवाही या दुर्व्यवहार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। फिलहाल मामले की आगे जांच की बात कही जा रही है और जांच के बाद ही अंतिम कार्रवाई तय होगी।

# मालवा अंचल के श्रद्धालु अमरकंटक में कर रहे कुलदेवी-देवताओं व अस्त्र-शस्त्र की पूजा



### रामघाट तट पर भजन-कीर्तन, दीप प्रज्वलन और अनुष्ठानों का क्रम जारी, हजारों श्रद्धालु पहुंच रहे पवित्र नगरी

**अमरकंटक। धार्मिक एवं आध्यात्मिक आस्था की पावन नगरी अमरकंटक में इन दिनों मालवा अंचल से बड़ी संख्या में पहुंचे भक्त श्रद्धालु अपने कुलदेवी-देवताओं तथा उनके अस्त्र-शस्त्रों की पारंपरिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर रहे हैं। पतित पावनी मां नर्मदा के पावन रामघाट के उत्तर एवं दक्षिण तट पर मालवा क्षेत्र से आए श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में भजन-कीर्तन और पूजा-पाठ में लीन दिखाई दे रहे हैं।**

सायंकाल श्रद्धालु रामघाट तट पर अपने कुलदेवी-देवताओं तथा उनके प्रतीकात्मक अस्त्र-शस्त्रों की स्थापना कर दीप प्रज्वलित करते हैं और भक्ति भाव से भजन-कीर्तन करते हैं। इसके बाद प्रातःकाल पारंपरिक वाद्ययंत्रों की थाप के साथ मां नर्मदा में स्नान-डुबकी लगाकर विधिवत पूजा-अर्चना की जाती है तथा अपने आराध्य देवी-देवताओं से मनोकामनाएं और मन्नतें मांगी जाती हैं। यह धार्मिक अनुष्ठान सायंकाल से प्रारंभ होकर दोपहर तक निरंतर चलता रहता है।

### पारंपरिक भोजन और सामूहिक भक्ति का माहौल

इस अवसर पर श्रद्धालु अपने पारंपरिक व्यंजन जैसे लिट्टी-चोखा और दाल-बाटी बनाकर सामूहिक रूप से भोजन भी करते हैं। रामघाट तट पर पूजा-अर्चना के दौरान कई श्रद्धालु भावविभोर होकर झूमते-नाचते भी दिखाई देते हैं। भक्ति भाव के वातावरण में कई श्रद्धालु अपने आराध्य के प्रति गहरी आस्था व्यक्त करते हुए उनसे जुड़े प्रश्नों के समाधान भी प्राप्त करते देखे गए।

### मालवा के कई जिलों से पहुंच रहे श्रद्धालु

उज्जैन, रायसेन, देवास, रतलाम, धार और सीहोर सहित मालवा क्षेत्र के विभिन्न जिलों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु अमरकंटक पहुंच रहे हैं। यह धार्मिक अनुष्ठान चैत्र कृष्ण पक्ष अष्टमी से प्रारंभ होकर चौदस तिथि तक अनवरत चलता रहेगा। मालवांचल के श्रद्धालुओं द्वारा कुलदेवी-देवताओं तथा उनके अस्त्र-शस्त्रों की यह पूजा प्रतिवर्ष शारदीय नवरात्रि और चैत्र नवरात्रि के पूर्व की जाती है। श्रद्धालुओं का मानना है कि इस पूजा-अर्चना से धार्मिक और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता है तथा जीवन में नई शक्ति और सकारात्मक चेतना प्राप्त होती है। विगत दिवस उज्जैन क्षेत्र से लगभग 10 बसों में सवार होकर बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं, युवक-युवतियां अमरकंटक पहुंचे और मां नर्मदा के पावन तट पर श्रद्धा-भक्ति के साथ अपने कुलदेवी-देवताओं की आराधना की।

# जनगणना कार्य में गंभीरता एवं पारदर्शिता के साथ कार्य करें अधिकारी-कलेक्टर

### ग्रीष्म ऋतु में चिन्हित बसाहटों में पर्याप्त पेयजल की हो उपलब्धता




**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा है कि जिले के सभी नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारी जनगणना कार्य को गंभीरता, पारदर्शिता एवं जिम्मेदारी के साथ संपादित करें। उन्होंने कहा कि जनगणना कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने जिले के सभी मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनगणना के प्रथम चरण में ड्रोन सर्वे के आधार पर ब्लॉकों का विभाजन किया जाए तथा सभी नगरीय निकायों में भौगोलिक सीमाओं और वार्डवार सीमांकन का निर्धारण सुनिश्चित किया जाए, जिससे जनगणना कार्य में अपेक्षित प्रगति लाई जा सके।

कलेक्टर श्री पंचोली आज कलेक्ट्रेट कार्यालय के नर्मदा सभागार में आयोजित समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। बैठक में कलेक्टर हर्षल पंचोली ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा करते हुए पेयजल संकटग्रस्त बसाहटों के संबंध में अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। इस पर कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने अवगत कराया कि जिले में 31 बसाहटों का चयन किया गया है, जहां टंकियों के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। इसी क्रम में कलेक्टर श्री पंचोली ने नवीन नलकूप खनन, पाइप सुधार कार्य तथा हैंडपंप सुधार कार्य की प्रगति के संबंध में जानकारी लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में पेयजल आपूर्ति सुचारू रूप से सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों के साथ जिले में लेमनग्रास प्रोजेक्ट के संबंध में विस्तार से चर्चा की। अधिकारियों ने अवगत कराया कि जिले में 500 एकड़ क्षेत्र में लेमनग्रास की खेती का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस पर कलेक्टर ने ओरियो ऑयल कंपनी के सहयोग से किसानों की संगोष्ठी आयोजित करने तथा किसानों को लेमनग्रास की खेती के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री पंचोली ने जिले में एलपीजी गैस सिलेंडर की आपूर्ति व्यवस्था की भी समीक्षा की। उन्होंने जिला आपूर्ति अधिकारी से घरेलू एवं व्यावसायिक गैस सिलेंडर की उपलब्धता, वितरण तथा संधारण के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जिले में गैस सिलेंडर की आपूर्ति व्यवस्थित रूप से सुनिश्चित की जाए तथा घरेलू उपभोक्ताओं एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को अनुमोदन के पश्चात गैस सिलेंडरों का वितरण सुव्यवस्थित ढंग से किया जाए। बैठक में कलेक्टर हर्षल पंचोली ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए बताया कि आगामी 19 मार्च को एकलव्य आवासीय विद्यालय परिसर में विक्रमोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी अधिकारियों को कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने नगरीय निकाय क्षेत्रों में एसईसीएल की भूमि पर निवासरत प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को पट्टा दिलाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को संयुक्त रूप से ड्रोन सर्वे कराकर पात्र हितग्राहियों को पट्टा प्रदान करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी अपात्र हितग्राही को पट्टा न मिले तथा विधिवत जांच एवं विश्लेषण के उपरांत ही पट्टा प्रदान करने की कार्यवाही की जाए। बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों, एचपीवी वैक्सीनेशन की प्रगति, आयुष्मान भारत निरामयम् योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड शिविर, राजस्व प्रकरणों तथा लोक सेवा में लंबित मामलों सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती अर्चना कुमारी, अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पांडेय, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पुष्पराजगढ़ वसीम अहमद भट्ट, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनूपपुर कमलेश पुरी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कोतमा सतीश कुमार वर्मा, डिप्टी कलेक्टर सुश्री प्राशी अग्रवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# पवित्र नगरी अमरकंटक में नेशनल लोक अदालत में दिखा उत्साह




**अमरकंटक।** मध्य प्रदेश के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक तीर्थ स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक स्थित नगर परिषद कार्यालय में गत 14 मार्च 2026, शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद कार्यालय में आयोजित लोक अदालत में नगर के गणमान्य नागरिकों की अच्छी भागीदारी और उत्साह देखने को मिला। नेशनल लोक अदालत में नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए अपने विभिन्न प्रकार के बकाया करों का भुगतान किया। इस दौरान शॉपिंग सेंटर की दुकानों का किराया, पेयजल कर, सामुदायिक भवन की किस्त किराया राशि, समाकेतिक कर तथा संपत्ति कर आदि मदों में बकाया राशि जमा कर रसीद प्राप्त की गई। साथ ही लोक अदालत के अंतर्गत मिलने वाली छूट का भी नागरिकों ने भरपूर लाभ उठाया। नगर परिषद से प्राप्त जानकारी के अनुसार नेशनल लोक अदालत के दौरान नगर परिषद के पांच प्रमुख मदों में बकाया कर की वसूली की गई। इस आयोजन में कुल 2 लाख 5 हजार 215 रुपये की राशि नगर परिषद के खाते में जमा हुई, जिससे नगर परिषद को राजस्व प्राप्त हुआ और नागरिकों को भी राहत मिली। नगर परिषद अमरकंटक में आयोजित इस नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने में मुख्य नगर पालिका अधिकारी चैन सिंह परस्ते के मार्गदर्शन में गणेश पाठक, मनीष विश्वकर्मा, गणेश यादव, हर नारायण पांडेय, ए. मानसिंह, दुर्गेश यादव, मेघा सिंह तथा राम मोगरे सहित नगर परिषद के कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा। इनके उल्लेखनीय प्रयासों से लोक अदालत में करदाताओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली और आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस दौरान नागरिकों में कर भुगतान को लेकर जागरूकता और उत्साह का वातावरण भी देखने को मिला। नगर परिषद प्रशासन ने भी नागरिकों से समय-समय पर कर जमा कर नगर के विकास में सहयोग करने की अपील की।

### शासकीय कन्या विद्यालय अनूपपुर की 20 छात्राओं ने लगवाया एचपीवी टीका




**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशन में जिले में गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर (सर्वाइकल कैंसर) से बचाव के लिए एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान के तहत किशोरियों को टीका लगाया जा रहा है। अभियान के तहत 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी तथा 15 वर्ष 3 माह तक की बालिकाएं टीकाकरण के लिए पात्र हैं। इसके अलावा अभियान शुरू होने के 90 दिनों के भीतर 15 वर्ष की आयु पूरी करने वाली बालिकाओं को भी पात्र माना गया है। टीकाकरण अभियान अंतर्गत आज शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर की 20 छात्राओं ने जिला चिकित्सालय अनूपपुर में टीका लगवाया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अलका तिवारी, डॉ. एस.सी. राय, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर के प्राचार्य डॉ. कौशलेन्द्र सिंह सहित विद्यालय के स्टॉफ उपस्थित थे।